साहसिक शिविर (ग्रुप कैम्प) पचमढ़ी

सेन्ट मोन्टफोर्ट स्कूल स्कूल पटेल नगर भोपाल के स्काउट एण्ड गाइड साहसिक शिविर में भाग लेने हेतु पचमढ़ी पहुँचे । यह शिविर 1 मार्च से 5 मार्च तक पचमढ़ी में आयोजित किया गया। इस कैम्प में 13 गाइड और 49 स्काउट, 4 शिक्षक 2 रोबर्स इस प्रकार 68 सदस्य शामिल थे।

इस कैम्प में साहसिक गतिविधियाँ एडवेंचर पार्क में आयोजित की गई । इन गतिविधियों में राइफल शूटिंग तीरकमान , घुड़सवारी – आदि तथा बेलेन्सिग एक्सरसाइस में मंकी ब्रिज , टायर टनल ,मंकी क्रोलिंग , स्टोमक क्रॉलिंग चिमनी – कमाण्डो ब्रिज , रोप बैलेसिंग , ब्लाइन्ड ट्रेकिंग आदि शामिल थी। इन सब गतिविधियों में सभी स्काउट एण्ड गाइड ने बढ चढ़कर हिस्सा लिया।

इसके अतिरिक्त शिविर स्थल के भ्रमण के अन्तर्गत् पाण्डव गुफा – बाइसन लॉज , बीफॉल , राजेन्द्र गिरी सेन्टर प्वाइन्ट ,बाजार तथा शिवरात्रि मेला में भ्रमण किया। इस मेले से छात्रों ने अपनी रूचि के अनुसार खरीदारी की।

इस शिविर में भाग लेने वाले सभी स्काउट एण्ड गाइड तथा सभी शिक्षकों के रहने , खाने की व्यवस्था ट्रेनिंग–सेन्टर पचमढ़ी की ओर से की गई। भोजन की उत्तम व्यवस्था की गई थी। ग्रुप कैम्प में जाने वाले छात्र – छात्राओं को विद्यालय के प्राचार्य ब्रदर मोनाचन ने शुभकामनाओं के साथ विदा किया, तथा 5 मार्च रात्रि 8:30 बजे विद्यालय परिसर प्रायमरी में प्राचार्य जी तथा अभिभावकों ने स्वागत किया। शिविर के अन्तर्गत पचमढ़ी के मौसम ने करवट ली और छात्र – छात्राओं ने 3 घन्टे तक बारिश एवं ओले का लुत्फ उठाया । इस शिविर के समयान्तर्गत् सभी छात्र स्वस्थ एवं सुरक्षित थे। सभी छात्र उत्साहित तथा अनुशासित रह कर पुनः कैम्प में जाने के लिए उत्सुक थे। कैम्प फायर के पहले दिन डिप्टी डायरेक्टर मैडम माचम्मा एवं बिलकिस मैडम मुख्य अतिथि के रूप में बच्चों के साथ सम्मिलित हुई एवं कर्यक्रम एवं अनुशासन की सराहना की।

कैम्प के समापन में एडवेन्चर सहा. संचालक श्री एस एस राय उपस्थित हुए।

शिविर का सफलता पूर्वक सचालन आशासिंह एल टी. जी .अभिलाषा मिश्रा एडवांस गाइड कैप्टेन ,ममता शर्मा एडवांस लेडी कब मास्टर एवं संजू मेवाड एच डब्ल्यू बी स्काउट ने किया।